प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में कहा– जदयू और आजसू पार्टी के साथ सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय, दो अक्तूबर के बाद की जायेगी घोषणा।
2- राज्य सरकार ने रांची में एक और मेडिकल कॉलेज के निर्माण को दी प्रशासनिक स्वीकृति, 15 साल से अधिक पुराने वाहनों के निबंधन पर भी लगायी रोक।
3- राज्यपाल के आदेश के बाद जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए बनायी कमिटी, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट।
4- भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों को देखते हुए छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा।
5- देवघर से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, सरायकेला में हत्याकांड के दस आरोपी भी पकड़े गये।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि जदयू और आजसू पार्टी के साथ गठबंधन कर भाजपा विधानसभा चुनाव लड़ेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि दोनों सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो गया है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा कर दी जायेगी।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आरोप लगाया है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में अराजक स्थिति पैदा कर दी है। रामगढ़ में भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा राज्य में हर वर्ग अपने को ठगा महसूस कर रहा है।

****

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। सरायकेला–खरसांवा जिले के कुचाई में पार्टी की परिवर्तन सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण जिले में कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं।

****

उधर, सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल में झामुमो की मंइयां सम्मान यात्रा को संबोधित करते हुए गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंइयां सम्मान योजना को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है।

****

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिपरिषद ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 49 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है। बैठक के बाद पत्रकारों से बीतचीत करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि रांची के कांके में एक और मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने सीजीएस परीक्षा की जांच के लिए दो सदस्यीय कमिटी का गठन किया है। कमिटी में संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप सचिव अरविन्द कुमार लाल को शामिल किया गया है। कमिटी को जांच पूरी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

****

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों को देखते हुए पहली अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले वर्षों की तुलना में विशेष ट्रेनों के परिचालन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले साल इस सीजन में 4,429 स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं।

****

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर जिले से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से नौ मोबाइल फोन और दस सिम समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं।

****

इधर, सरायकेला–खरसांवा जिले के कुचाई थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक हत्याकांड के 10 आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बीते 13 सितंबर को हुए दंपत्ति हत्याकांड ने इन अपराधियों की संलिप्तता रही है। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

****

लोहरदगा जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गयी। कार्यक्रम को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वच्छता को अपनी आदतों में शामिल करने का आह्वान किया।

****

गढ़वा जिले में बाल अपराध रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

****

आज स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 95वीं जयंती है। 70 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने अनेक भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गायें।

********समाप्त***********